2026HND105467

2026HND105467

राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र. भोपाल

वार्षिक परीक्षा सत्र 2025-26

विषय-हिंदी (प्रथम भाषा)

समय-$2\frac{1}{2}$ घण्टे **कक्षा-5** **पूर्णांक-60**

बहुविकल्पीय प्रश्न (प्रश्न 1-5)

निर्देश- सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न-1 लंका के दूत के आने पर बीरबल ने फौरन बजाई - 1

(A) बाजा (B) ताली

(C) थाली (D) डीजे

प्रश्न-2 रम्मो और कल्लो ने किस श्रेणी में परीक्षा पास की? 1

(A) द्वितीय और तृतीय (B) प्रथम और द्वितीय

(C) प्रथम और तृतीय (D) द्वितीय और तृतीय

प्रश्न-3 'विद्या धनम उद्यम बिना' पंक्ति के आधार पर विद्या धन कैसे प्राप्त होता है? 1

(A) तप करने से (B) प्रार्थना करने से

(C) आलस करने से (D) मेहनत करने से

प्रश्न-4 'पेट में चूहे कूदना' मुहावरा का अर्थ है - 1

(A) पेट में दर्द होना (B) पेट फूल जाना

(C) बिल्कुल भूख न लगना (D) बहुत तेज भूख लगना

प्रश्न-5 उद्याने कः सन्ति? 1

(A) मापिका : (B) पुस्तकानिः

(C) नौकाः (D) वृक्षाः

रिक्त स्थान (प्रश्न 6-10)

निर्देश- नीचे दिए गए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न-6 लंका के राजा का एक दूत बादशाह__________के दरबार में पहुँचा। 1

प्रश्न-7 नया जीवन देती है__________। 1

प्रश्न-8 ईदगाह जाने के लिए सबसे ज्यादा प्रसन्न__________था। 1

प्रश्न-9 दशहरे को__________भी कहते हैं। 1

प्रश्न-10 'मधुर' शब्द में 'ता' प्रत्यय जुड़कर बनने वाला शब्द__________है। 1

अति लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 11-16)

निर्देश- नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न-11 'गति' शब्द में उपसर्ग लगाकर नया शब्द बनाइए। 2

प्रश्न-12 बनवीर किसे मारना चाहता था? 2

प्रश्न-13 'पथ में काँटे तो होंगे ही' इस पंक्ति में काँटे शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 2

प्रश्न-14 सूर के मन को सुख कहाँ प्राप्त होता है? 2

प्रश्न-15 भेड़ाघाट किस जिले में है 2

प्रश्न-16 'स्वातंत्रता' शब्द की सही वर्तनी लिखिए? 2

लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 17-22)

निर्देश- नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न-17 राम बाली के सामने आकर क्यों नहीं लड़े? 3

प्रश्न-18 निम्नलिखित पंक्तियों का भावार्थ लिखिए-

'बल बिबेक दम परहित घोरे। छमा कृपा समता रजु जोरे ।।' 3

प्रश्न-19 भगवान झूलेलाल की पूजा क्यों की जाती है? 3

प्रश्न-20 निम्नलिखित शब्दों के कम से कम दो अर्थ लिखकर उन्हें वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

(अ) आम (ब) अर्थ 3

प्रश्न-21 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

विद्यालय में छात्र का चरित्र निर्माण होता है। निष्कपट और निस्वार्थ भाव से सेवा करने का पाठ भी यहीं सिखाया जाता है। गुरु आज्ञा का पालन और राष्ट्रप्रेम का संदेश भी यहीं मिलता है। यथाशक्ति मानवता को पोषित करने का भाव भी यहीं मिलता है। वास्तव में विद्यालय व्यक्तित्व निर्माण की कार्यशाला और राष्ट्रधर्म को अंकुरित करने की पौधशाला है।

(अ) गुरु की आज्ञा मानने का संदेश कहाँ मिलता है?

(ब) विद्यालय व निस्वार्थ शब्दों का संधि विच्छेद कीजिए।

(स) विद्यालय किसकी पौधशाला है? 3

प्रश्न-22 निम्नलिखित के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

1. निशा -
2. सरिता -
3. बादल -

3

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 23-26)

निर्देश- नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 70-80 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न-23 'आत्मविश्वास' के बूते पर जीवन में सब कुछ करना संभव है, किसी एक महापुरुष का उदाहरण देते हुए स्पष्ट कीजिए। 5

प्रश्न-24 मीरा की भक्ति भवना पर अपने विचार प्रकट कीजिए। 5

प्रश्न-25 पिता को वार्षिक परीक्षा की जानकारी देने हेतु पत्र लिखिए। 5

प्रश्न-26 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए-

1. विज्ञान के चमत्कार
2. कोई महापुरुष
3. पुस्तकालय का महत्व

5

------xxx------

2026HND108467

2026HND108467